**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.06.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों में जिस प्रकार से पहलगाम के आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद का सफाया करने की आवश्यकता के संबंध में भारत के विचारों को प्रस्तुत किया उस पर उन्हें गर्व है। प्रधानमंत्री ने पिछले कुछ हफ्तों में विश्व के 33 देशों की यात्रा करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से कल मुलाकात की, जिसमें सांसद और पूर्व राजनयिक शामिल थे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इन प्रतिनिधियों ने शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता और आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात में अपने अनुभव साझा किए।

**कॉन्फ्रेंस**

एन.डी.ए. सरकार के 11 साल पूरे होने के अवसर पर भाजपा ने देशभर में अपने राज्य और जिला मुख्यालयों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भी नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, जहां उन्होंने पिछले 11 वर्षों में सरकार की उपलब्धियां बताई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण पर केंद्रित नीतियों पर विस्तार से चर्चा की। आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के नए दृष्टिकोण, देश की आर्थिक प्रगति, भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों पर भी चर्चा की गई।

**जयंती**

देशभर में आज संत कबीरदास जयंती मनाई जा रही है। कबीरदास न सिर्फ एक कवि और लेखक थे बल्कि समाज सुधारक भी थे। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संत कबीरदास जी को उनकी जयंती पर नमन किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक समरसता के प्रति आजीवन समर्पित रहे संत कबीरदास जी के दोहों में जहां शब्दों की सरलता है, वहीं भावों की प्रगाढ़ता भी है। इसलिए आज भी भारतीय जनमानस पर उनका गहरा प्रभाव है। समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनके योगदान को हमेशा श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश भर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## वित्तीय सहायता

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए हिमाचल प्रदेश को एक सौ एक करोड़ 18 लाख रुपये की बजट राशि जारी की है । यह वित्तीय सहायता चालू वित्त वर्ष की पहली किश्त के तौर पर जारी की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अवर सचिव मलाय कुमार हलधर ने इस संबंध में पत्र के माध्यम से सचिव वित्त व स्वास्थ्य को यह जानकारी दी है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता.................

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए हिमाचल प्रदेश को एक सौ एक करोड़ रुपये की बजट राशि जारी की है यह वित्तीय सहायता चालू वित्तीय वर्ष की पहल किश्त के तौर पर जारी की गई है। धनराशि राष्ट्रीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिश्न के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम और शहरी स्वास्थ्य मिशन के लिए लचीले कोष के रूप में इस्तेमाल की जाएगी। इसे प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य और स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने पर खर्च किया जाएगां

## कुलदीप सिंह पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मेले, उत्सव और त्योहार हमारी लोक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं और ऐसे आयोजन जहां एक ओर मनोरंजन का माध्यम हैं, वहीं दूसरी ओर समाज में आपसी सद्भाव और मेलजोल को भी प्रोत्साहित करते हैं। चंबा जिले के सिहुंता में आयोजित छिंज मेले में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उपमंडल चुवाड़ी के सिहुंता में एक करोड़ रूपयों की धनराशि से बहुउद्देशीय व्यवसायिक परिसर का निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सड़क नेटवर्क के विस्तार से यह क्षेत्र आने वाले समय में ट्रैक टूरिज्म के क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।

## योग दिवस

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होने वाले योग संगम की मेजबानी के लिए देशभर से 50 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है, जो सामूहिक भागीदारी के लिए एक नया मानक है। इस वर्ष का विषय है एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग जो एकता और स्वास्थ्य के लिए एक सार्वभौमिक आह्वान करता है। आयुष मंत्रालय ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम, योग संगम 2025 की मेजबानी एक लाख से अधिक स्थानों पर होने की उम्मीद है। आयुष मंत्रालय नागरिकों, संस्थानों और समुदायों को इस वैश्विक उत्सव में एक साथ आने के लिए आमंत्रित करता है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम आमतौर पर साफ है। और तापमान में लगातार बढोतरी दर्ज की जा रही है। कल प्रदेश में उना जिले का अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 44 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अधिक जानकारी के साथ हमारे सहयोगी....................

प्रदेश के तापमान में लगातार बढ़ोतरी जारी है। जिससे लोगों को चिलचिलाती गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। कल राज्य के पांच स्थानों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री और इससे अधिक दर्ज किया गया। ऊना जिले में अधिकतम तापमान 44 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस , हमीरपुर जिले के नेरी का 43 दशमलव 3, बिलासपुर में 40 दशमलव 8, कांगड़ा और मंडी जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया। प्रदेश के 5 जिलों  ऊना, कुल्लू, मंडी हमीरपुर और बिलासपुर में लू का प्रकोप देखा गया। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के छः जिलों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है।